बालाजी के लिए पदयात्रा रवाना

निवाई। ग्राम पंचायत चतुर्भुजपुरा के गांव रतनपुरा उर्फ रोहेडा में श्री बालाजी नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में श्री खेडापति बालाजी माधोराजपुरा के लिए 12वीं विशाल पदयात्रा को पूर्व विधायक कमल बैरवा ने मंत्रोचारण के साथ ध्वज की पूजा-अर्चना करके रवाना किया। पूर्व विधायक कमल बैरवा ने कहा कि पदयात्रा में भाग लेने का अवसर भग्यशाली व्यक्तियों को मिलता है। पदयात्रा से मनोकामनाए पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आस्था बढने के साथ-साथ एक जूटता होती हैं। उन्होंने आ ान किया कि पदयात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालु भाग लेकर धर्म लाभ उठाए। समिति के कोषाध्यक्ष रामजीलाल बैरवा ने बताया कि पदयात्रा बाबा रामदेव मन्दिर से विशाल जुलूस के साथ रवाना हुआ। जिसमें डीजे के मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। पदयात्रा का जुलूस गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री खेडापति बालाजी माधोराजपुरा फागी के लिए रवाना हुई। पदयात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि पदयात्री श्रीखेडापति बालाजी मंदिर पर बालाजी के दर्शन करके ध्वज अर्पित करेंगे एवं खुशहाली की मनोकामना करेंगे। इस अवसर पर विनोद सेन वनस्थली, भागचन्द बैरवा, हंसराज शर्मा, गोपाललाल लोदी कृपालपुरा, मण्डल अध्यक्ष मुरारीलाल बैरवा, कोषाध्यक्ष रामजीलाल बैरवा, रमेशचन्द बैरवा, रतनलाल बैरवा, भंवरलाल बैरवा, हेमराज बैरवा, रामकिशार बैरवा, हरजीराम बैरवा, छोटूलाल बैरवा, किशनलाल बैरवा, रामकरण बैरवा, मंगलराम बैरवा एवं रामप्रसाद बैरवा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

एडीएम ने जीएसटी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को नए जीएसटी की जानकारी दी

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने सोमवार कलेक्ट्रेट कक्ष में जीएसटी विभाग अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन वाणिज्य कर विभाग निशि रानी, संयुक्त आयुक्त भिवाड़ी रितु यादव, उपायुक्त भिवाड़ी रूबी खत्री, उपायुक खैरथल अविनाश महर्षि के साथ बैठक की। इस दौरान वीसी के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में 22 सितंबर से 29 सितंबर तक जीएसटी में हुए बदलाव को जीएसटी बचत उत्सव के रूप में मनाने एंव आम जनता तक पहुंचाने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए जीएसटी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने कहा जीएसटी स्लैब में परिवर्तन के निर्णय से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। सोमवार से वस्तु और सेवाकर सुधार पूरे देश में जब प्रभावी रूप से लागू होगा, तो इसका सबसे अधिक फायदा आमजन को मिलेगा। जीएसटी की स्लैब में बदलाव से आमजन के लिए सबसे अधिक उपयोगी रोटी, कपड़ा और मकान सस्ता होगा।

उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा 22 सितंबर से 29 सितंबर तक जीएसटी में हुए बदलाव को जीएसटी बचत उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से व्यापारी और नागरिकों से जीएसटी बचत उत्सव के रूप में मनाने का आवाहन किया गया है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने व्यापारियों व उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों से जीएसटी रिफॉर्म पर विशेष चर्चा कि।

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जीएसटी विभाग अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन वाणिज्य कर विभाग निशि रानी, संयुक्त आयुक्त भिवाडी रितु यादव आदि के साथ बैठक की।

■ जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में जीएसटी अधिकारियों के साथ की बैठक, प्रचार-प्रसार को लेकर दिए निर्देश।

उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब में बदलाव का आमजन के बीच प्रचार-प्रसार किया जाए। नागरिकों को इससे होने वाली आर्थिक बचत और उसके फायदे भी बताए जाएं। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक जीएसटी रिफॉर्म के साथ ही अब व्यापारी व उद्योग संगठन देश व आमजन की आवश्यकता की वस्तुएं देश में ही निर्मित करने के काम को नई दिशा दें। साथ ही, स्वदेशी के संकल्प को साकार बनाने के लिए आमजन भी देश में निर्मित वस्तुओं को खरीदें।

इस दौरान बैठक में व्यापारियों के सुझाव भी आमंत्रित किए जिसमें व्यापारियों ने सुझाव दिया कि सरसों की जिन्स पर लगने वाले 5 जीएसटी को कर से मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सरसों से बने उत्पादों जैसे बिनौला, खल, तेल आदि पर पहले से ही टैक्स लिया जाता है, ऐसे में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरसों की जिन्स पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। व्यापारियों का मानना है कि इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन भी मिलेगा। बैठक में व्यापारियों व उद्योग संगठनों ने वस्तु एवं सेवाकर की स्लैब में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया है।

इसके अलावा अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट के साथ जनप्रतिनिधियों ने खैरथल मार्केट में पैदल यात्रा कर व्यापारियों और आमजन से संवाद किया।

धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयन्ती

कोटपूतली। अग्रवाल समाज समिति के तत्वाधान में अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सोमवार को अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज के कुलप्रवर्तक समाजवाद के प्रणेता महाराज अग्रसेन का 5149 वां जन्मोत्सव अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दोपहर बाद अग्रसेन भवन में कार्यक्रम की शुरूआत महाराज अग्रसेन के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद अग्रसेन भवन से महाराज अग्रसेन की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई अग्रसेन कटला स्थित अग्रसेन मन्दिर में पहुंची, जहां महाआरती की गई। वहीं हनुमान शरण मार्ग स्थित महाराजा अग्रसेन की मूर्ति के समक्ष आरती एवं आतिशबाजी का भव्य प्रदर्शन किया गया। इसके बाद शोभायात्रा वापस अग्रसेन भवन पहुंची। शोभा यात्रा में घोड़ा बग्गी व महाराज अग्रसेन की झांकी सहित अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई। वहीं बैंड की धुन पर अग्र बंधु, महिलायें व बच्चे नाचते झूमते चल रहे थे और महिलाएं गरबे की धुन पर डांडिया खेलती हुई शामिल हुई। रास्ते में जगह-जगह कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। यात्रा मार्ग में जगह जगह तोरण द्वार लगाये गये व पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल, पूर्व समाज अध्यक्ष किशनलाल मोरीजावाला, आदित्य मोरीजावाला समेत बडी संख्या में लोग मौजूद रहें।

सार-समाचार

आरोपी से ट्रैक्टर बरामद

निवाई । निवाई थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एवं फर्जी आदमी बनकर ट्रैक्टर खरीदने वाला आरोपी से ट्रैक्टर बरामद किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि नन्दसिंह ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपी भीमराज ने फर्जी दस्तावेज बनाकर ठगी की थी। उसके ट्रैक्टर को खरीदने के सम्बन्ध में इस्गासा के जरीए मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने टीम गठित की। टीम में पुलिस सहायक उपनिरीक्षक भारती, हेड कानि जीतपाल, देवराज, मुकेश व राधाकिशन को शामिल किया गया। आरोपी भीमराज मीणा को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया था। रिमाण्ड अवधि के दौरान आरोपी ने ट्रैक्टर अपने गांव धन्ना फेली की ढाणी मंडावरी में होना बताया। अरोपी की निशान देही पर उसके गांव से ट्रैक्टर को बरामद कर लिया है।

बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज

डूंगरपुर। युवा भाजपा नेता बंशीलाल कटारा ने कहां कि वर्तमान युवा पीढी एक भारत, श्रेष्ठ भारत व विकसित भारत की प्रणेता हैं। उन्हें खेलों में अपना अमूल्य समय देना होगा, क्यों कि खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलनए टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। युवा भाजपा नेता कटारा डूंगरपुर ब्लॉक के राउमावि बलवाडा की मेजबानी में यहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार से आयोजित चार दिवसीय बैडमिंटन 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा, खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खिलाडियों से निष्पक्ष खेल भावना से प्रतिस्पर्धा कर अपनी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को कहा।

मोबाइल लौटाया

मनोहरपुर। मजदूर नेता अब्दुल अजीज लोहानी ने कहा कि देशराज वर्मा की ईमानदारी की कहानी हमें यह सिखाती है कि ईमानदारी और नैतिकता का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है।

विज्ञप्ति जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक- जविप्रा/उपा./जोन-10/2024/डी -307 दिनांक 13.09.25
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मंजीत सिंह पुत्र स्व. श्री जसवन्त सिंह ने वसीयत, जसवन्त सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र इत्यादि द्वारा दुकान संख्या ए/5/8 जविप्रा की योजना आटोमोबाईल नगर जयपुर का पटटा हेतु आनलाईन आवेदन किया है। जसवन्त सिंह पुत्र सरदार हरनाम सिंह ने अपने जीवन काल मे हस्तलिखित पंजाबी भाषा मे दिनांक 05.05.1994 को अपने पुत्र श्री मंजीत सिंह के नाम उक्त दुकान संख्या ए/5/8 आटोमोबाईल नगर योजना की वसीयत की गई है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्थान को उक्त भूखण्ड के संबंध में कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस मे कार्यालय जविप्रा उपायुक्त- 10 के कमरा नम्बर JB-SF-205 मे प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त-जोन 10, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: जविप्रा/जोन-9/10849/2025/डी-3703 दिनांक: 20.09.2025
कैम्प आयोजन सूचना
निजी खातेदारी की योजना कल्याण बाग गोल्ड का नियमन शिविर आयोजन करने का कार्यक्रम निम्नानुसार है:-

क्र. स.	खातेदार का नाम	योजना का नाम	ग्राम व तहसील का नाम	नियमन शिविर की दिनांक	शिविर स्थल
1.	श्री केसर लाल पुत्र श्री कल्याण हि. 1/5 श्री छोटू पुत्र श्री कल्याण हि. 1/5,	कल्याण बाग गोल्ड	रामनगरिया तहसील सांगानेर	24.09.2025	जविप्रा जोन-9 परिसर

श्री बाबूलाल पुत्र श्री कल्याण हि. 1/5, श्री रामनारायण पुत्र श्री कल्याण हि. 1/5, श्री लल्लू राम पुत्र श्री कल्याण हि. 1/5 निवासी चौधरी कल्याण मार्ग, जाटों की ढाणी, रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर
उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

(रजि. संख्या 2511/एल दिनांक 26.10.1970)
जयपुर वाल्मिकी गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर
कार्यालय : 33, जोशी कालोनी, टोंक फाटक, जयपुर
क्रमांक : एसपी-1 दिनांक : 19.09.2025
वार्षिक आम सभा का नोटिस
जयपुर वाल्मिकी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.10.2025 को प्रातः 11:30 बजे सोसायटी के कार्यालय- 33, जोशी कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर पर सोसायटी के सदस्यों की वार्षिक आम सभा आयोजित की जाएगी जिसके विचारणीय विषयबिन्दु निम्नलिखितानुसार रहेंगे :-
1. गत आमसभा की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार।
2. समिति की बकाया ऑडिट रिपोर्टो एवं वर्ष 2024-25 के अंतिम लेखों के अनुमोदन पर विचार।
3. वर्ष 2024-25 में प्रबंधकारिणी द्वारा लिये गये निर्णयों की पुष्टि पर विचार।
4. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञानुसार।
आज्ञा से, अध्यक्ष
नोट - कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा उसी दिन दोपहर 12:30 बजे उसी स्थान पर पुनः आयोजित की जायेगी जिसमें विचारणीय विषय बिन्दु यथावत रहेंगे।

(रजि. संख्या 2362/एल दिनांक 20.05.1966)
स्वर्णकार गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर
कार्यालय : 1403, दूसरा चौराहा, खूटेटों का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर
क्रमांक : एसपी-1 दिनांक : 20.09.2025
वार्षिक आम सभा का नोटिस
स्वर्णकार गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.10.2025 को प्रातः 11:30 बजे सोसायटी के पंजीकृत कार्यालय- 1403, दूसरा चौराहा, खूटेटों का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर पर सोसायटी के सदस्यों की वार्षिक आम सभा आयोजित की जाएगी जिसके विचारणीय विषयबिन्दु निम्नलिखितानुसार रहेंगे :-
1. गत वार्षिक आमसभा की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार। 2. समिति की वर्ष 2025-26 के अंतिम लेखों के अनुमोदन पर विचार। 3. समिति की ऑडिट अनुपालना रिपोर्ट के अनुमोदन पर विचार। 4. वर्ष 2024-25 में प्रबंधकारिणी द्वारा लिये गये निर्णयों की पुष्टि पर विचार। 5. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञानुसार।
आज्ञा से, अध्यक्ष
नोट - कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा उसी दिन दोपहर 12:30 बजे उसी स्थान पर पुनः आयोजित की जायेगी जिसमें विचारणीय विषय बिन्दु यथावत रहेंगे।

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है **श्री हरापत अली** के अधिकार एवं स्वामित्व की सम्पत्ति अवासीय प्लाट नम्बर-1/30, अवासीय योजना 'ग्रेनेडियर गार्डन' नगर निगम कॉलोनी, आमेर रोड, जयपुर, राज्य राजस्थान में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 65.27 वर्गमिटर है। जो कि सर्वप्रथम उपरोक्त सम्पत्ति को जयपुर नगर निगम, जयपुर द्वारा **श्री कालू राम चौधरी** को जरिये आवंटन पत्र दिनांक 28.05. 1993 ईस्वी को अवंटित किया गया था। तत्पश्चात् **श्री कालू राम चौधरी** ने उपरोक्त सम्पत्ति को **श्री हरापत अली** को जरिये नोटराईज्ड इकरारनामा लिखा हुआ दिनांक 23.05.1998 ईस्वी के द्वारा विक्रय कर दिया। तत्पश्चात श्री हरापत अली ने उक्त इकरारनामा को पूर्ण मुद्रांकित करवा लिया। तत्पश्चात् उक्त सम्पत्ति के बाबत् टाईटल दस्तावेजों में उपरोक्त इकरारनामा व इकरारनामे के तहत संलग्न पूर्ण मुद्रांकन से सम्बंधित मूल रसीद गुम हो गई जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट **श्री हरापत अली** ने ऑनलाईन रा.प. पुलिस के पोर्टल पर एफआर नम्बर 2902980/2025 दिनांक 19/09/2025 के द्वारा दर्ज करवा दी है अब **श्री हरापत अली** ने उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति को कुमारी कल्याणी पारीक को विक्रय करने का इकरार किया है तथा अब कुमारी कल्याणी पारीक ने उक्त सम्पत्ति पर ऋण के लिए **अवल फाइनेंशियर्स लिमिटेड** में अवेदन किया है उक्त सम्पत्ति के मूल असल दस्तावेज यदि किसी के पास हो या अमानत में मिले तो सीधे उपरोक्त फाईनेंस कम्पनी में जमा करवा दे एवं उक्त सम्पत्ति को **अवल फाइनेंशियर्स लिमिटेड** में रहन बाबत् या पूर्ण स्वामित्व के स्थानित्य या कब्जे बाबत् या उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी भी प्रकार के स्थानित्य, कब्जे आदि बाबत् किसी भी व्यक्ति, बैंक, कम्पनी, संस्था आदि को अप्रापी व उज्र हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में अपना अधिकार मय हक मय दस्तावेज स्वयं/व्यक्ति गत या अधिकृत व्यक्ति उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, अन्यथा **अवल फाइनेंशियर्स लिमिटेड** द्वारा उक्त सम्पत्ति को रहन कर लिया जावेगा एवम् उसके पश्चात किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा।
दिनांक- 20/09/2025 विवेक गोयल एडवोकेट, मो. 9828433300/9829099898

कार्यालय उपायुक्त (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्क्रीम, जयपुर)
क्रमांक मु.जो./ननिज/2025/1134
दिनांक :-21.09.2025
सार्वजनिक सूचना
भूखण्ड सं. 78-ए, आनंद विहार बी (शंकर भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री गोविन्द पुत्र श्री देवीलाल के नाम क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्रीमती निशा मिश्रा, पूजा मिश्रा एवं राहुल मिश्रा पुत्र एवं पुत्रियाँ स्व. श्री गोविन्द मिश्रा द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति, स्व. श्री गोविन्द मिश्रा का मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति एवं अन्य चैन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध करायें गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड श्रीमती निशा मिश्रा, पूजा मिश्रा एवं राहुल मिश्रा पुत्र एवं पुत्रियाँ स्व श्री गोविन्द मिश्रा के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज का नाम हस्तांतरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। उपायुक्त मुरलीपुरा जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

खोया पाया

मेरे मकान 4/428 मालवीय नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जापत्र, डिक्लेरेशन, अदैय प्रमाण पत्र, नियमितीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र मालवीय नगर में कहीं गिर गए है। मिलने पर सूचित करें- दिलीप गंगवानी 9983699999

मेरे मकान 1/860 मालवीय नगर जयपुर का मूल कब्जापत्र डिक्लेरशन अदैय प्रमाण पत्र मालवीय नगर में कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें-राहुल गुरनानी 8875013389

मेरे मकान नंबर 33/130 प्रताप नगर सांगानेर का नियमितीकरण रसीद, डिमांड लेटर कही गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। मीरा देवी

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम प्रीति अग्रवाल पत्नी श्री सतीश कुमार अग्रवाल (शादी पश्चात) से बदलकर बन्टी रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावेगा। 10-ए, रतन नगर, ढेर का बालाजी, जयपुर-302023

I have changed name of my son Somil Chaudhary to Somil Shyam Singh Chaudhary for all legal and purpose. Address: Flat No. 906, Felicity Roongtas Aventura, Jagatpura, Jaipur-302017

I Sumer Singh Meera, resident of Flat No. L-2135-A, Block No. 34 Rangoli Gardens, Maharana Pratap Marg, panchayawala, Jaipur have changed my son's name from Sarthak Singh to Sarthak Suyash, He will be known as Sarthak Suyash in the future.

JC-454433Y Nb/Sub Badan Singh Unit 19, Grenadiers C/o 99 APO Residing at Village-Mahu Dalalpur Post-Mahu Ibrahimpur Tehsil-Hindaun City District-Karauli (Raj) Pin 322254 have changed my Minor son Name from Awdesh Singh to Avdesh Singh vide Affidavit Dated 22.09.2025 Before at Notary Hindaun City (Raj.)

वादपदों के स्थिरीकरण के लिये प्रतिवादी को सम्मन
(आदेश 5 नियम 1 व 5 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता के परिशिष्ट 'ख' का फार्म सं.1)
न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय सरवाड़
श्री जोधराज सिंह (वादी)
बनाम भंवर सिंह वगैरह (प्रतिवादी)
व्यवहार वाद संख्याक- 86 सन् 2017
विरुद्ध:
श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र भंवर सिंह
निवासी: पटेल नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान- 311001
श्रीमती गजराज कंवर पुत्री भंवर सिंह
श्रीमती समदा कंवर पुत्री भंवर सिंह
निवासी: सातवास वाया शाहपुरा, जिला: जयपुर ग्रामीण- 303503
चूंकि वादी ने आपके विरूद्ध नकल संलग्न है के लिये एक वाद संस्थित किया है। अत: आपको एतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या तो स्वयं या ऐसे अधिवक्ता जो कि सम्यक् रूप से अनुदिष्ट हो व वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिनके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो, के द्वारा दिनांक 29-09-2025 के दिवस को प्रात: 10:00 बजे दावे का उत्तर देने हेतु इस न्यायालय में उपस्थित हो और आगे आपको एतद् द्वारा यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन आप अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन पेश करें और उसी दिन वे सब प्रलेख जो आपके अधिपत्य या अधिकार में हो व जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा व प्रतिवादन या प्रतिदावा आधारित करते हों भी प्रस्तुत करें तथा जहां आदेश किसी अन्य प्रलेख की आपके आधिपत्य या अधिकार में हो या न हो, अगर अभी प्रतिरक्षा या प्रतिदावादन या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य रूप में भरोसा रखते हों, उन प्रलेखों की अपने लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। सूचित रहे कि पूर्व वर्णित दिवस को आपके द्वारा अपनी उपस्थिति में व्यक्ति क्रम होने पर कथित वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना व अवधारित किया जावेगा।
आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
गोल मोहर न्यायालय
आदेशानुसार: उपखण्ड अधिकारी, सरवाड़

टोंक में "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान शुरु

टोंक । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान और "आठवें राष्ट्रीय पोषण माह" अभियान का शुभारंभ किया गया, वही प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यह अभियान 2 अक्टूबर तक देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), जिला अस्पतालों और उप जिला अस्पतालों में आयोजित किये जा रहे है। ये स्वास्थ्य शिविरों में प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिये समर्पित है। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुण्डिया में सोमवार को "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ।

■ राष्ट्रीय पोषण माह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी तथा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी निवाई डॉ. दीपेन्द्र पांचाल ने शिविर का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में महिलाओं और ग्रामीणों को स्त्री एवं प्रसूति रोग परामर्श, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की जाँच, एनीमिया-कुपोषण स्क्रीनिंग, बाल स्वास्थ्य एवं पूर्ण टीकाकरण, मौसमी बीमारियों की जाँच, नि:शुल्क दवाइयाँ, गैर-संचारी रोग परीक्षण, स्तन व गर्भाशय कैंसर की प्रारंभिक स्क्रीनिंग, टीबी, नेत्र रोग व अन्य संचारी रोगों की जाँच, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श तथा स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और परिवार नियोजन संबंधी मार्गदर्शन जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस मौके पर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सीएमएचओ डॉक्टर शैलेंद्र सिंह चौधरी एवं टीम द्वारा टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मेगा शिविर में डॉ नरेन्द्र बैरवा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ मुकेश समोता कनिष्ट विशेषज्ञ मेडीसीन डॉ ममता बिजारनियां नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ डॉक्टर आकांक्षा तंवर, ऋषिराज जांगिड नेत्र सहायक अपनी विषेषज्ञ सेवायें दी। डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और समाज की आधारशिला है।

घास भैंरू ने किया नगर भ्रमण

निवाई। शहर के वार्ड 15 में स्थित घांस भैंरू मंदिर से शाही लवाजमा के साथ घांस भैंरू को नगर भ्रमण करवाया गया।

घांस भैंरू नवयुवक मंडल के सदस्य रामावतार बैरवा ने बताया कि घांस भैंरुजी की शाही सवारी को यूथ कांठोस के प्रदेश महासचिव आलोक मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ढ़ोल नगाड़े, बैंड बाजों व डीजे के साथ शोभायात्रा मन्दिर से रवाना होकर अहिंसा सर्किल, बस स्टैंड, पहाड़ी चुंगी नाका,वीर तेजाजी मंदिर, चारभुजा नाथ मंदिर, बड़ा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, चौहट्टी बाजार, सराफा मार्केट, कंकाली माता मंदिर, पुलिस थाना के सामने होते हुए वापस मन्दिर पहुंचा।

नगर भ्रमण के दौरान घास भैरूं जी की सवारी का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जुलूस में महिला पुरुष बच्चे नाचते गाते हुए चल रहे थे। सोमवार देर शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कुएं लबालब फिर भी पेयजल की किल्लत

सांभरझील। 30 साल के करीब इंतजार के बाद सरकारी कुए पूरी तरह से लबालब है। कुओं का जलस्तर 40 से 50 फीट ऊपर आ गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीन ठाम सिवानिया में 20 तथा सांभर में 8 सरकारी कुए है। दो-तीन कुओ के पानी को ही विभाग अल्प समय के लिए काम में ले रहा है। करीब 25 कुए सरकारी सिस्टम की लापरवाही की वजह से ऐसे ही पड़े हैं, यानी विभाग इन कुओं का पानी पेयजल के काम में नहीं ले रहा है। जब से सांभर में बीसलपुर परियोजना की शुरुआत हुई उसके बाद विभाग ने इन कुओं की तरफ झांकना भी बंद कर दिया। न्यू वर्तमान सरकार के समय जब कुवैत यहां के सूख गए थे तो इनको की पानी बढ़ोतरी के लिए तकनीकी काम हेतु करीब 50 लख रुपए स्वीकृत हुए थे। जब बारिश का दौर शुरू हुआ तो करीब तीन साल पहले बीसलपुर बांध में पानी की आवक हो

■ दो दशक से जलदाय विभाग ने सरकारी कुओं को लावारिस छोड़ा

गई तो उसके बाद इनकी न तो मरम्मत हुई और न ही पानी बढ़ोतरी के लिए तकनीकी काम हुआ, फिर 50 लाख रुपए लेप्स हो गये या विभाग ने किसी अन्य काम में खर्च कर दिया इसका कोई हिसाब किताब सार्वजनिक नहीं हो सका है। बीसलपुर की लाइन पुरानी होने के कारण आए दिन डैमेज होती रहती है और पानी की सप्लाई बंद हो जाती है तो सांभर में भी पेयजल व्यवस्था ठप हो जाती है, क्योंकि यहां के जलदाय विभाग ने इन कुओं के पानी को फिर से काम में लेने के लिए न तो को व्यवस्था को अंजाम दिया और न ही अभी तक इन सरकारी कुओं के पानी की सप्लाई का काम शुरू किया जा रहा है।

रामायण का भावपूर्ण मंचन

पावटा। श्री आदर्श रामलीला मंडल पावटा की ओर से कस्बे में चल रही रामलीला में श्रीराम का लक्ष्मण एवं माता जानकी सहित वन में जाना और दशरथ मरण की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। इसके अलावा सुमंत विलाप, केवट-राम, निषाद राम - लक्ष्मण संवाद पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। रामलीला में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता जानकी वनों को गए। राजा दशरथ ने मंत्री सुमंत को उनके भेजा तथा कहा कि वे श्रीराम राम को वनों में घूमाकर वापस ले आए। मंत्री सुमंत उनसे वापस लौटने का अनुराग किया, लेकिन श्रीराम सुमंत को जंगल में सोती अवस्था में छोड़ वनों में चले गए। निषादराज के साथ श्रीराम गंगा तट पर पहुंचे, वहां केवट ने अपने परिजनों के साथ उनका स्वागत किया तथा गंगा से पार पहुंचाने से पूर्व उनके चरण पखारकर तथा परिजनों को वह चरणामृत पिलाकर उन्हें गंगा पार उतारा। भगवान श्रीराम ने नाव उतराई का किराये के रूप में मुद्रिका देनी चाही, तो केवट ने कहा कि प्रभु हम दोनों को कार्य एक ही है मैं गंगा सजे पार कराता है और आप भवसागर से पार कराते है, इसलिए मुझे अपना आशीर्वाद दें। उधर श्रीराम के वन गमन के पश्चात राजा दशरथ विलाप करते हुए प्रभु के धाम को चले जाते है। रामलीला में प्रभु राम के रूप में लक्की भारद्वाज, लक्ष्मण शुभम शर्मा, माता जानकी तनुज, दशरथ महेश पारिक, सुमंत के रोल मे मंडल डाइरेक्टर मोहन गौड, श्रवण दीपक भारद्वाज, निषादराज गुहू सुनील गौड एवं केवट के रूप में दीपक

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

निवाई में दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु

निवाई। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को मंदिरों व घरों में विधिवत रूप से नवशारदीय नवरात्रा पर घट स्थापना की गई। मंदिरों में देवी-देवताओं के दर्शनों